**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) बाराबंकी।**

पत्रांक 3965/ कार्य-25/99 दिनांक 21-5-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
लखनऊ।

**विषयः-** **मीडिया पर प्रकाशित नकारात्मक खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक मीडिया पर प्रकाशित खबर **'हर घर जल योजना की पोल खुली, छिग्घी धाम में : 3.94 करोड़ की परियोजना 2024 में पूरी होनी थी, बजट के अभाव में रूकी'** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अलियाबाद पेयजल योजना, विकास खण्ड दरियाबाद में पाइप लाइन-55 प्रति0, शिरोपरि जलाशय-20 प्रति0, बाउण्ड्रीवाल-70 प्रति0, पम्प हाउस-80 प्रति0 एवं 300 नग हाउस कनेक्शन का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। पाइप लाइन ज्वाइटिंग का कार्य अवशेष होने के कारण पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ नही हो पायी थी। योजनान्तर्गत धनाभाव होने के कारण कार्य प्रभावित थे। शीघ्र ही नलकूप के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ कराये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

साथ ही अवगत कराना है कि उक्त योजना के सम्बन्ध में इस खण्ड के पत्रांक 3056/कार्य-25/75 दिनांक 25.04.2026 को भी आख्या प्रेषित की जा चुकी है।

आख्या सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(अमित कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

**प्रतिलिपि**-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।


1- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,लखनऊ।
2- मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4- जिलाधिकारी, बाराबंकी।
5- मुख्य विकास अधिकारी, बाराबंकी।
6- जिला सूचना अधिकारी, बाराबंकी।
7- श्री जफर अहमद, सहा0अभि0।
8- सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 मेघा इंजीनियरिंग, बाराबंकी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# हर घर जल योजना की पोल खुली, डिग्घी धाम में:3.94 करोड़ की परियोजना 2024 में पूरी होनी थी, बजट के अभाव में रुकी

राघवेंद्र मिश्रा | दरियाबाद (रामसनेही घाट), बाराबंकी16 घंटे में



•

बाराबंकी के दरियाबाद विकास खंड स्थित अलियाबाद के डिग्घी धाम में 'हर घर जल' योजना के तहत बन रही पानी की टंकी अधूरी पड़ी है। यह परियोजना नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की 'हर घर जल' योजना की हकीकत बयां कर रही है, जिसका निर्माण कार्य बजट के अभाव में रुका हुआ है।

394 लाख रुपये की लागत से बन रही इस टंकी का निर्माण कार्य 21 दिसंबर 2022 को शुरू हुआ था। इसे 01 जनवरी 2024 तक पूरा किया जाना था, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बावजूद पचास प्रतिशत कार्य भी पूरा नहीं हो पाया है। कार्यदायी संस्था के बोर्ड पर से समयावधि को भी मिटा दिया गया है।

जल निगम योजना के अवर अभियंता संदीप कुमार ने बताया कि बजट के अभाव के कारण परियोजना का काम रुका हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि बजट उपलब्ध होते ही निर्माण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा।

Scanned with OKEN Scanner